# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 6.6.26 | 5 | 6-8 |

## पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं : प्रो. बलदेव राज

हिसार, 5 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधारोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदें, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय एवं भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे ऑक्सीजन का स्रोत होने के साथ साथ पर्यावरण संतुलन, वर्षा में सहायक, मिट्टी व जैव विविधता का संरक्षण, तापमान नियंत्रण, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने का आह्वान करते हुए कहा कि कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें ताकि पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके। ऊर्जा की बचत करें तथा आवश्यकता न होने पर बिजली के उपकरणों को बंद रखें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ अरविंद मलिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि बारिश के मौसम में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.6.26 | 3 | 4 |

## हकृवि में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण



हिसार |चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर कल्पना चावला तथा देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधा लगाकर शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधे लगाने व उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लेने को कहा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 6.6.26 | 3 | 3-6 |

# पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाए : प्रो. काम्बोज

हिसार, 5 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधारोपण किया।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
# हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| नभ छोर | 05.06.2026 | ----- | ---- |

## विश्व पर्यावरण दिवस प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर : प्रो. काम्बोज

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 05 जून

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधारोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदें, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय एवं भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि



विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे ऑक्सीजन का स्रोत होने के साथ साथ पर्यावरण संतुलन, वर्षा में सहायक, मिट्टी व जैव विविधता का संरक्षण, तापमान नियंत्रण, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने का आह्वान करते हुए कहा कि कपड़े य जूट के थैलों का प्रयोग करें ताकि पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके। ऊर्जा की बचत करें तथा आवश्यकता न होने पर बिजली के उपकरणों को बंद रखें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ अरविंद मलिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि बारिश के मौसम में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।

| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 05.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे, संरक्षण का लिया प्रण



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधारोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ अरविंद मलिक ने बताया कि बारिश के मौसम में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 6.6.26 | 14 | 1-8 |

छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली, पोधरोपण जीवन व पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यकः कुलपति

# पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बॉटल पाम का पोधरोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदें, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पोधरोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस विशेष पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय एवं भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पोधरोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मलिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।



हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।